हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024





11 धान खरीदी के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित ...



11 विद्यार्थियों को मन एकाग्र करने के बताए गुर...

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से युवक की हुई मौत, अपराध दर्ज




**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत दरगहन के पास सप्ताहभर पहले हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो जाने पर पुलिस ने विवेचना में पाया कि 30 अक्टूबर को दोपहर करीबन 1 बजे वार्ड क्रमांक 12 चारामा निवासी 19 वर्षीय यश कुमार देवांगन पिता जितेन्द्र देवागंन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 5844 को चलाते हुए अपने निजी काम से ग्राम दरगहन गया था। वापिस घर चारामा आ रहा था कि वाहन क्रमांक सीजी 24 एम 3626 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्व चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसकी का मोटर सायकल अनियंत्रित हो गई। वह मोटर सायकल सहित रोड में गिर गया। सीएचसी चारामा कें भर्ती कराने पर ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी पिकप वाहन के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कलार समाज भवन में मनी सहस्त्रबाहु जयंती



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कलार समाज भवन दुर्गुकोंदल में भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सियाराम जैन ब्लॉक अध्यक्ष कलार समाज, कृष्णा नागवंशी ब्लॉक उपाध्यक्ष दुर्गुकोंदल, नरेंद्र जैन क्षेत्रीय सचिव कलार समाज, चिंताराम जैन पूर्व अध्यक्ष कलार समाज ब्लॉक अध्यक्ष, हरेश जैन, मनोज जैन, शेष पेज 10 पर

# सीएएफ कैंप को यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठे

## विधायक ने दिया आश्वासन तो धरना हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से में विगत कई वर्षों से स्थापित सीएएफ कैंप है, जिसके चलते नक्सली गतिविधिया थोड़ी कम हो रही है, लेकिन अचानक सीएएफ कैंप को स्थानतंरित किया जा रहा है। ग्रामीणों को खबर मिलते ही ग्रामीण कैंप को नहीं हटाने की माँग को लेकर धरने पर बैठ गए। ऐसा पहली बार हो रहा है कि फोर्स के कैंप को रोकने के लिए ग्रामीणों को धरना देना पड़ रहा है। विधायक के आश्वासन के बाद ग्रामीण धरने से हटे।

जाड़ेकुर्से निवासियों ने बताया कि यह कैंप एक ऐसा कैंप है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई। अगर कैंप का स्थानन्तरण होता है तो आसपास के ग्रामीणों के लिए जान जोखिम से भरा होगा, क्योंकि आसपास में नक्सल गतिविधिया समाप्त नहीं हुई है। ऐसे में अचानक कैंप का स्थानंतरण होना हमारे लिए घातक साबित हो सकता है, इसलिए जब सीएएफ कैंप को सुबह तड़के में अचानक हटाया जा रहा था, उसी समय ग्रामीणों को जानकारी मिली। ग्रामीण कैंप को यथावत रखने की माँग को लेकर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों के धरने पर बैठने की जानकारी जनप्रतिनिधियों के पास पहुँची। खबर मिलते ही भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शेष पेज 10 पर



### नक्सली गतिविधियां बंद हो गई

फोर्स के कैंप की हटने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण फोर्स के कैंप को यथावत रखने की माँग को लेकर सड़क पर उतर गए, ऐसा पहली बार कांकेर जिला में देखने को मिल रहा है। यह तय है कि ग्रामीणों ने यह स्पष्ट कर दिया कि अर्द्धसैनिक बलों के रहने के चलते गाँव के लोगों मे सुकून है। ग्रामीणों का कहना है कि कैंप लग जाने के बाद से नक्सली गतिविधियाँ बंद हो गई है।

**कार्रवाई:** एसएसपी आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन में अंधे कत्ल को 24 घंटे में सुलझाया

# जमीन विवाद को लेकर पोते ने दादा को मौत के घाट उतारा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अमोड़ी ग्राम में पाँच दिन पहले हुए अंधे कत्ल को लेकर दुर्गुकोंदल पुलिस ने हत्या करने वाले मृतक के पोते को 24 घंटे के अंदर दबोच लिया। आरोपी ने स्वीकार करते हुए कहा कि जमीन का बंटवारा दादा ने सही ढंग से नहीं किया था, इसके चलते नाराजगी थी और इसीलिए हत्या कर दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया।

■ जमीन विवाद को लेकर दीपावली के दिन विवाद कर जान से मारने की दी थी धमकी

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी योगेश कुमार सोनी ने बताया कि हत्या के बारे में गाँव के ग्रामीणों से संवाद करने पर पता चला कि मृतक का पोता 25 वर्षीय सुरेश कुमार उइके ने मृतक से दीपावली के दिन जमीन को सही ढंग से नहीं बाटने को लेकर विवाद किया था और जान से मारने की धमकी दिया था। मृतक ने घटना के बारे में गांव वालों को जानकारी दिया था। गाँव में मामले को सुलझाने को लेकर दीपावली के अगले दिन गाँव में बैठक आयोजित किया गया, परंतु आरोपी उस बैठक में शामिल नहीं हुआ। आरोपी की माँ बैठक में शामिल हुई और उसने यह जरूर कहा कि हमारा मृतक से किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है, जो बंटवारा हुआ है, वो सही हुआ है। ग्राम के मुखिया ने आरोपी की माँ को समझाया था कि बेटे को समझाएं कि इस तरह का बेवजह विवाद न किया करे। पुलिस को यह इनपुट मिलने के उपरांत पोता सुरेश कुमार उइके को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया और कुछ देर इधर उधर की बातें करता रहा और सख्ती बरतने पर हत्या करना कबूल कर दिया।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह 5 नवंबर को शाम को 4 बजे ही शराब का सेवन कर लिया था और मृतक की खेत में बाड़ी है, उसके पास मेरी भी बाड़ी है। रात को बाड़ी की ओर गया और मृतक की बाड़ी की ओर जा रहा था। रास्ते में बांस का डंडा मिला, उसे लेकर गया और देखा कि मृतक सो रहा है। लाड़ी में घुसकर बांस के डंडे से उसके सिर पर हमला बोल दिया। चार से पांच बार हमला बोलकर लाड़ी से निकलकर पास में डंडा को फेंककर कुछ देर अपनी लाड़ी में रहा। उसके बाद घर में जाकर सो गया। उसका कहना था कि मेरे पिता की मौत हो चुकी है और मेरे दादा ने जमीन का बंटवारा सही ढंग से नहीं किया, इसी से नाराजगी थी। पुलिस ने आरोपी के द्वारा बताए गए स्थल से बांस के डंडा को जब्त किया। आरोपी को 7 नवंबर को गिरफ्तार करते हुए 8 नवंबर को न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।



### मां ने बैठक में समझाने का दिया था आश्वासन

विवाद के दूसरे दिन गाँव की बैठक में आरोपी नहीं पहुँचा था, परंतु आरोपी की मां पहुँची थी। उसने कहा था कि जो बंटवारा हुआ था, वो सही थी। वह अपने बेटे की गल्ती मानती हूँ और में उसे समझाउंगी। माँ ने समझाया, परंतु उसने नहीं माना और घटना को अंजाम दे दिया। आरोपी की शादी हो चुकी है और दो छोटे-छोटे बच्चे है।

### आरोपी को पकड़ने में ये रहे शामिल

हत्या के मामले को 24 घंटे में खुलासा करने में थाना प्रभारी के साथ एएसआई सोने, प्रधान आरक्षक गजेंद्र गेंडरे, प्रधान आरक्षक सुग्रीव, आरक्षक अनिल मरकाम, विलखम वट्टी, अवध नाग और कृपाल कोड़ोपी का योगदान रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं धरना प्रदर्शन करते सड़कों पर उतरीं, की नारेबाजी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी 8 लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोदल में एकदिवासीय धरना प्रदर्शन कर सड़क पर उतरकर रैली निकालते हुए नारेबाजी किया। प्रधानमंत्री, मुख्मयंत्री के नाम का ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा।

■ महंगाई भत्ता, पदोन्नति सहित आठ सूत्रीय मांग को लेकर खोला मोर्चा

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की लंबित 8 मांगों को लेकर ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत महिलाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के संज्ञान में लाया। उनका कहना है कि महिला कर्मियों को जो मूलभूत सुविधा और लाभ केंद्र और राज्य सरकार से मिलनी चाहिए, वो नहीं मिल पा रही है, इसीलिए सरकारों के ध्यान आकर्षण करने के लिए 8 नवंबर को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हुए है। धरना प्रदर्शन करते हुए रैली निकालते हुए नारेबाजी किया। उनकी आठ माँगो में नियमतीकरण, जीने लायक वेतन सेवा, सेवानिवृत पश्चात पेंशन ग्रेच्युटी, समूह बीमा योजना लागू करना, अनुकंपा नियुक्ति, महंगाई भत्ता, पदोन्नति, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेंडर एवं रिफिल और चूल्हा प्रदान करने की मांग किया है। महिलाओं ने कहा कि यह हमारी माँग लंबे समय से किया जा रहा है। सरकार इन शेष पेज 10 पर

# कलार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा



**भानुप्रतापपुर।** कलार समाज द्वारा अपने आराध्य सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती 8 नवंबर को जगह जगह मनाते हुए कलश यात्रा भी निकाली गई। भानुप्रतापपुर के कलार समाज भवन में भी समुदाय के लोग एकत्र होकर सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना किया और आशीर्वाद लिया। भानुप्रतापपुर के अलावा उत्तामार, कुल्हाड़कट्टा में भी कलार समाज के लोगों यह जयंती मनाया और आने वाले पीढ़ी को भी समुदाय के इतिहास के बारे में अवगत कराया। आने वाले समय मे यह जंयती और धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया। बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कराने को लेकर भी समाज को कहा गया। कोई छात्र आगे पढ़ना चाहता है कोई समस्या है तो समाज को अवगत कराएं मदद का भी प्रयास किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में डोरेलाल जैन, उमेश जैन, अरविंद जैन सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। कुल्हाड़कट्टा और घोटा में संयुक्त रूप से जयंती मनाया गया। गांव में महिलाओं के द्वारा कलश की शोभायात्रा निकाली गई।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर चंद्रभान जैन, दिनेश जैन, रोशन जैन, धनेश जैन, माखन जैन, बुधार जैन, समशिंह जैन, दिलेश्वर जैन, फूलचंद सुरोजिया, सनथ जैन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

# कर्मचारी ने ही दुकान मालिक के घर की थी चोरी, हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

चोरी के शिकार हुए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जाँच शुरू किया। जाँच में पुलिस का पता चला कि घर में काम करने वाले मजदूर की गतिविधिया संदिग्ध है। पुलिस नें संदिग्ध को दबोचा और सख्ती बरतने पर मजदूर ने चोरी करना कबूल किया। चोरी के सामान को पुलिस को सौंपा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

■ नकद सामान बरामद, भेजा गया जेल

एसडीओपी प्रशांत पैकरा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भानुप्रतापपुर थानांतर्गत शंकर नगर मुल्ला निवासी रवि विश्वास पिता करण विश्वास ने पुलिस को बताया था कि 7 और 8 नवंबर की दरमियानी रात 1 से 5 बजे के मध्य अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा में लगी जाली को काटकर व कुंडी तोड़कर घर अंदर घुसा था। घर में रखे एक सफेद रंग का लेडिस बैग जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, पोस्ट ऑफिस का खाता पासबुक और पीएनबी भानुप्रतापपुर में फिक्स डिपाजिट का बॉन्ड पेपर एवं दूसरे बैग में रखे नकदी 60 हजार रूपए, एक पुराना लैपटॉप कीमत 20 हजार रूपए कुल जुमला 80 हजार के अलावा सोने का शेष पेज 10 पर



# मोहपुर में छात्र- छात्राओं का रावे रेडी उन्मुखीकरण चयनित कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

सिंगारभाट में स्थित कृषि कालेज के चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं का उन्मुखीकरण चयनित ग्राम मोहपुर में सरपंच महाबती भास्कर, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एनके रस्तोगी की अध्यक्षता और उपसरपंच गिरधर मंडावी के विशेष अतिथ्यि में आयोजत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सभी अतिथिगण के स्वागत से किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से सरपंच महाबत्ती भास्कर ने छात्रों एवं किसानों के बीच अच्छे समन्वय एवं संबंध होने से अच्छे परिणाम प्राप्त होने की बात कही और सीखने एवं सिखाने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि महाविद्यालय शेष पेज 10 पर

■ सीखने एवं सिखाने की बात पर दिया गया जोर




### दी गई जानकारी

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कृषि तकनीकी की पत्रिका, पोस्टर और रंगोली द्वारा गांव का नक्शा बना कर विभिन्न विषयों जैसे जैविक खाद, जैव कवकनाशी, उर्वरक विषाक्तता और नैनो उर्वरक के बारे में जानकारी दी गई।

**छठ महापर्व पर आस्था और संस्कृति का घाटों में दिखा संगम**

# व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को दिया अर्ध्य और लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भगवान सूर्य को समर्पित छठ पूजा का शुक्रवार 8 नवंबर को चौथा और अंतिम दिन रहा। पावन छठ पर्व नहाय-खाय से शुरू होकर उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही समाप्त हो गया। कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन छठ पूजा की जाती है। आखिरी दिन भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के लिए कांकेर में दो तालाब के घाटों पर व्रतियों की भीड़ देखी गई।

■ बच्चों ने की जमकर आतिशबाजी

छठ पूजा के आखिरी दिन 8 नवंबर शुक्रवार को भास्कर भगवान को सुबह के 6 बजकर 38 मिनट पर अर्ध्य दिया गया, हालांकि तालाब के घाट पर पहुंचने का सिलसिला सुबह 5 बजे से ही शुरू हो गया था। सूर्य भगवान के उदय से पहले व्रति घाट पर पहुंचकर फलों और ठेकुआ से बने प्रसाद को सजाकर पूजा पाठ किया गया और छठ पूजा की कथा का भी वाचन किया गया। परिवार के साथ पहुँचे बच्चों ने जमकर आतिशबाजी किया और घाट पर माहौल देखने लायक रहा।

व्रती महिलाओं ने छठ पर्व से जुड़ी कथा के अनुसार बताया कि राजा प्रियव्रत की कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते वह बेहद ही परेशान और दुखी रहा करते थे। एक बार महर्षि कश्यप ने राजा से संतान प्राप्ति के लिए यज्ञ करने को कहा। महर्षि कश्यप की आज्ञा मानकर राजा ने यज्ञ कराया जिसके बाद राजा को एक पुत्र हुआ, लेकिन दुर्भाग्य से वो बच्चा मृत पैदा हुआ। इस बात को लेकर राजा और रानी और उनके और परिजन और भी ज्यादा दुखी हो गए, तभी आकाश शेष पेज 10 पर



### आस्था व संस्कृति का दिखा प्रभाव

व्रती महिलाओं ने बताया कि उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद ही व्रत का पारण किया जाता है और प्रसाद का वितरण किया जाता है। घाट पर सुबह-सुबह आस्था और संस्कृति का प्रभाव देखने को मिला।



# लोक कलाकार कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक कल कोरर में

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश लोक कलाकार कल्याण संघ जिला कांकेर का जिला स्तरीय बैठक कल कोरर मंडी में 10 नवंबर 11 बजे से जिलाध्यक्ष परमानन्द कावड़े, जिला संरक्षक लखन नेताम एवं डॉ. देवेंद्र साहू के नेतृत्व में कोरर बाजार मंडी में लोक महोत्सव सम्बंधित आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। 15 एवं 16 नवंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय लोक महोत्सव का आयोजन करने के सम्बन्ध में यह आवश्यक बैठक है, जिसमें सभी कलाकारों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। कांकेर जिले में जितने भी संस्था है चाहे वो लोक मंच हो या फिर रामायण, मांदरी, रामधुनी एवं अन्य कोई सांस्कृतिक संस्था उन संस्था के संचालक आवश्यक रूप बैठक में हिस्सा लें और आयोजन में सहयोग प्रदान करेंगें।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची हुई जारी

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय मिशन ईकाई अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम के लिए आयाबाई, हॉउसकीपिंग स्टाफ, अटेंडेंट, स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर, न्यूट्रिशियन काउंसलर, ब्लॉक एकाउंट मेनेजर, प्रायमरी एकाउंट कम डाटा असिस्टेंट सहित विभिन्न पदों पर संविधा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों के लिए अंतिम मेरिट एवं चयन सूची जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सूचना पटल में चस्पा कर दिया गया है। जिसका अभ्यर्थी अवलोकन कर सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प स्थगित

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 12 नवम्बर को शासकीय आईटीआई विश्रापुरी, 13 नवम्बर को पंचायत भवन बड़ेडोंगर और 14 नवम्बर 2024 को जनपद पंचायत भवन कोण्डागांव में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट कैम्प को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। इसके संबंध में अन्य जानकारियां बाद में दी जाएगी।

### आईसीटीसी लैब टेकनिशियन पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोण्डागांव के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आईसीटीसी लैब टैकनिशियन के पद के लिए वॉल्क इन इंटरव्यु के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। उपरोक्त पद के लिए अर्हता रखने वाले आवेदक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव में 15 नवम्बर 2024 को स्वयं उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### बस्तर ओलम्पिक 2024 विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 15 तक

**कोण्डागांव।** बस्तर ओलम्पिक 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के लिए खेल विभाग द्वारा तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिला खेल अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 नवम्बर 2024 को बैडमिंटन खेल, विकासनगर इंडोर स्टेडियम तथा बडेकनेरा रोड स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा नगर पालिका टाउन हॉल कोण्डागांव में कराते और खेलो इंडिया सेंटर कोण्डागांव में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 9 नवम्बर को वॉलीबॉल के मुकाबले का आयोजन बडेकनेरा रोड स्थित वॉलीबॉल कोर्ट तथा बालक छात्रवास में होंगे। वहीं फुटबॉल एवं रस्साकसी के खेल प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम में होंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 11 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में तथा 12 नवम्बर को डी.एन.के. मैदान में आयोजित की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व, व्रतियों ने किया पारण, घाट पर रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

क्षेत्र में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को बड़े ही धूमधाम मनाया गया। गुरुवार को तालाब और नदी के तट पर छठ पूजा की गई। छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। व्रती माताओं ने गुरुवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद आज शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे की कड़े उपवास रहकर छठ पूजा को सम्पन्न किया। क्षेत्र की व्रती माताओं ने इस बार सोनाबेडा गाँव के नदी किनारे छठ पूजा का आयोजन किया। गुरुवार की सुबह से व्रती माताएं नदी में पवित्र स्नान कर निर्जला उपवास रहकर सूर्य को अर्घ्य देकर संतान और परिवार की सुख शांति की कामना की गई। इस छठ पूजा में माताओं ने 36 घंटे कड़ी उपवास रहकर विधिविधान से सूर्य देव और छठी मैया की पूजा अर्चना की गई। आज सुबह छठ घाट पर बड़ी भीड़ रही। व्रती महिलाओं के परिजन के अलावा लोग प्रसाद लेने भी पहुंचे। सूर्य उपासना के पर्व छठ पूजा का बड़ा महत्व है। इसमें शुद्धता और पालन विधि का कड़ाई से पालन किया जाता है, जिससे इसके प्रसाद की बहुत महिमा मानी जाती है।

**उगते सूर्य को व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर दिया अर्घ्य**





## सफलता : तीन लाख की अवैध शराब, 1.68 लाख नगद जब्त

# कोंडागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई अन्तराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






कोंडागांव जिले में पुलिस ने अन्तराज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 02 कारें, 01 स्कूटी, 2600 बोतल गोवा व्हीस्की 52 कार्टून और 1,68,500 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। जब्त शराब और वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15,27,500 रुपये आंकी गई है। कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अन्तराज्यीय शराब तस्करों पर सख्त नज़र रखी जा रही थी। दिनांक 07 नवम्बर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद स्कूटी पर एक व्यक्ति पायलटिंग करते हुए काले रंग की दो कारों रेनॉल्ट काइगर और बोलेनो में अवैध शराब लेकर रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केडी पटेल के मार्गदर्शन में, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के नेतृत्व में थाना कोंडागांव और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने नारायणपुर तिराहे पर वाहनों की घेराबंदी की। संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने पर दोनों कारों में कुल 52 कार्टून अवैध गोवा व्हीस्की मिली, जिनकी अनुमानित कीमत 2,99,000 रुपये है। इसके साथ ही, स्कूटी की डिक्की से 1,68,500 रुपये नकद बरामद हुए। तस्करी में प्रयुक्त वाहनों की कीमत लगभग 10,60,000 रुपये है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम संजय सिंह कोंडागांव, दिनेश लहरे जगदलपुर, राजू कुमार रोटे छोटे तोकापाल, वेदांत चौरसिया भिलाई, बलजीत सिंह भिलाई, विष्णु दास धमतरी।

जप्त सम्पत्ति – गोवा व्हीस्की कुल 52 कार्टून 2600 बोतल अनुमानित कीमत 2,99,000 रुपये, 02 कार एवं 01 स्कूटी अनुमानित कीमत 10,60,000 रुपये, नकद राशि 1,68,500 रुपये, 06 मोबाइल फोन। आरोपियों के खिलाफ थाना कोंडागांव में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

कार्यवाही में पुलिस टीम का योगदान – इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल, राम—ष्ण जैन, प्रआर अशोक मरकाम, साइबर सेल से उनि अमिताभ खांडेकर, संजय वट्टी और अन्य टीम सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# जलाराम बापा की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुजराती समाज एवं जलाराम सेवा ट्रस्ट की ओर से जलाराम बापा की 225 जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह प्रभात फेरी निकली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरुष महिला और बच्चे शामिल हुए। जलाराम बापा का स्वागत एवं स्थापना आरती की गई। इसके बाद दोपहर जलाराम बापा की शोभा यात्रा जलाराम मंदिर से निकल कर शहर के शहीद पार्क चौक, मेन रोड चौक, गुरु नानक चौक होते हुए पनामा चौक से जलाराम मंदिर की ओर गई। जिसमें बच्चों ने जलाराम बापा, मां वीरबाई और साधु संत की सजीव झांकी में रूपधारण किया था। जिसमें गाजे-बाजे के साथ महिला, पुरुष एवं समाज के सदस्य शामिल हुए। शोभायात्रा का अलग-अलग चौक चौराहों में स्वागत किया गया।

# पासंगी में कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती



**फरसगांव।** नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी में क्षेत्र के कलार समाज के लोगों ने सामाजिक भवन में शुक्रवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई। सुबह कलार समाज की महिलाओं के द्वारा गाँव मे कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और तिलक लगाकर पूरे विधि–विधान के साथ पूजा की गई। इस आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर रात में पंडवानी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान घासीराम नाग, हलदेव पाण्डे, चंपा पाण्डे, मूलचंद पाण्डे, सिदेश सेठिया, रुपनाथ नेताम, प्रेम सिंह पाण्डे, लोचन पाण्डे, कुंती पाण्डे, कयबति बैध, मेहतरीन बाई सेठिया, प्रेमदई पाण्डे, मनसा बती सेठिया, सावित्री पोयाम, प्रमिला नाग सहित क्षेत्र के युवा युवती बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नारायणपुर व नरहरपुर को हराकर बस्तर व बचेली ने जीते अपने मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के दूसरे दिन दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में नारायणपुर को एक के मुकाबले दो गोल से बचेली ने परास्त किया। वहीं दूसरे एकतरफा मुकाबले में डीएफए बस्तर ने नरहरपुर को एक के मुकाबले चार गोल से हराया। अखिल भारतीया फुटबाल स्पर्धा के दूसरे दिन पहला मैच नारायणपुर विरूद्ध बचेली के मध्य खेला गया। बचेली की ओर से पहला गोल मैच के 45 वें मिनट में जर्सी नम्बर 8 भोला ने किया इसके जवाब में नारायणपुर के जर्सी नम्बर 11 अनिल ने 61 वें मिनट में एक गोल कर बराबरी कर ली। इसके बाद मैच के 79 वें मिनट में बचेली की ओर से जर्सी नम्बर 10 गौरव ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। इसके जवाब में नारायणपुर के खिलाड़ी कोई गोल नहीं कर सके। इस मैच को बचेली ने एक के मुकाबले दो गोल कर विजयी रही। स्पर्धा का दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध नरहरपुर के मध्य खेला गया। मुकाबले में मैच के शुरूआत से ही बस्तर की टीम हॉबी रही। बस्तर की ओर से पहला गोल जर्सी नम्बर 47 राज नाग ने मैच के 7 वें मिनट में किया। वहीं दूसरा गोल जर्सी नम्बर 15 जयराम ने मैच के 13 वें मिनट में, जर्सी नम्बर 11 अमित नाग ने मैच के 48 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 6 रोहित भारती ने मैच के 63 वें मिनट में अपनी टीम के लिए चौथा गोल किया। इसके जवाब में नरहरपुर की ओर से एकमात्र गोल जर्सी नम्बर 9 त्रिलोक ने मैच के 38 वें मिनट में किया। इस मैच को बस्तर की टीम ने 4-1 से जीती। पहले मुकाबले में मुख्य निर्णायक उमाशंकर के अलावा दीपक, नितेश कुमार व प्रफुल्ल रहे। वहीं दूसरे मुकाबले में मुख्य निर्णायक प्रफुल्ल कुमार के अलावा विजय, रायसिंग व दीपक डहरिया रहे।

**स्पर्धा में आज दो मुकाबले**

स्पर्धा के तीसरे दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला कलकता विरूद्ध चित्रकोट ओडिशा व दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध स्पोर्टिंग क्लब कोटपाड़ के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में शनिवार से देश के अलग अलग राज्यों की बड़ी टीमों के बीच मुकाबला होना है। इसे देखने के लिए खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## अनुमति नहीं मिलने से नाराज लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन



**जगदलपुर।** 8 से 10 नंबवर को मसीह समाज के ब्लेस प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं दिए जाने के विरोध में समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरने में बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोग इस बात से नाराज थे कि धर्म गुरू पाल दिनाकरण की प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं दी गई। सभा स्थल कलेक्टोरेट से लगा हुआ है जहां पर सुबह से ही लोगों का आना जारी रहा और दोपहर में जब भीड़ बढ़ गई तो नाराज लोगों ने कलेक्टोरेट जाकर अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखने की सोची। समाज के युवा नेता नवनीत चांद, रोजवीन दास समेत अनेक लोग मौजूद रहे। बताया गया कि कलेक्टर के प्रवास में होने के कारण चर्चा नहीं हो सकी। इसलिए शनिवार को कलेक्टर से मिलने का आश्वासन मिलने के बाद लोग धरना प्रदर्शन छोड़ वापस लौट गए। कलेक्टोरेट में बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती रही।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में हुआ ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ



**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य तथा बस्तर संभाग के जनजाति बाहुल्य एवं क्षेत्र के खेलों में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में शासन तथा जनता के मध्य मजबूत संबंध स्थापित कर युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचान कर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। पखांजूर के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाहा ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक, नैतिक सहित सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी बच्चों से खेल को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहकर खेलने की अपील किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बांदे, हांकेर एवं मरोड़ा जोन के एथलेटिक्स विभिन्न दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, तीरंदाजी एवं खो-खो,कबड्डी, व्हालीबाल के टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर मनोज हालदार, राजेश नायर, गणेश साहा, वासुदेव हालदार, गीता रानी हालदार, निर्मल दास, दिप्ती साहा, नारायण साना, सपन तरफदार, रमेश नाग उपस्थित रहे।

# मतदान दिवस को श्रमिक व कर्मियों को दिया जाएगा संवैतनिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में बनाई गई व्यवस्था

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 13 नवम्बर एवं सीमावर्ती क्षेत्र झारखण्ड एवं महाराष्ट्र में विधानसभा उप निर्वाचन 20 नवम्बर 2024 को मतदान नियत है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग से जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सीमावर्ती राज्य के जिले में मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

जारी आदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारी, श्रमिक के परिधि में आते हैं, उन्हें सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख की उपधारा के अनुसार अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। यदि ऐसे व्यक्ति इस आधार नियोजित किया जाता है और उसे सामान्यतः किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो उसे मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी जाती है। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधां का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक पांच सौ जुर्माने का दण्डनीय होगा। राज्य शासन द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक एवं कर्मचारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान की गई है।

## पेज 9 के शेष

### सीएएफ कैंप को...

एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों से फोन के माध्यम से बात किया और पूरे जानकारी को अवगत कराया। विधायक ने ग्रामीणों की माँग को गंभीरता से लेते हुए आईजी, कलेक्टर और एसपी से जानकारी लिया और कैंप को यथावत रखने को कहा है, जिसके ग्रामीणों में खुशियों की लहर दौड़ी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और...

माँगो को लेकर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस सरकार के समय भी सरकार के संज्ञान में लाया गया था, परंतु कांग्रेस सरकार ने कतई ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार को बने लगभग एक साल होने को है और इस सरकार के संज्ञान में ला रहे है, सरकार संज्ञान में लाने के उपरांत कितना पहल करती है, यह तो आने वाला समय बताएगा। सरकार ने हमारी माँगो पर पहल नहीं किया तो आने वाले समय में जिला स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**ये रहीं उपस्थित-** इस अवसर पर रीता वस्त्रकार, खिलेश्वरी टांडिया, प्रीति साहू, दुर्गा मांडवी, अनुसूईया बोगा, प्रतिभा दुग्गा, संगीता टांडिया, विश्वास सिंहा, कौशल्या दुग्गा, वेदवती नेवरा, हिरोतीन राठौर, कुमारी नेताम के अलावा विकासखंड की 280 आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रही।

### कर्मचारी ने ही ...

कंगन की चोरी हो गई। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा टीम तैयार कर अज्ञात चोर की पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश दौरान संदेह के आधार पर प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारी दीपक यादव को हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने से पुलिस पार्टी द्वारा गिरफ्तार किया जाकर चोरी गए माल मशुरूका नकदी 30 हजार रुपए, 01 लेपटॉप और सोने के कंगन को बरामद किया गया। आरोपी दीपक यादव को 8 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**इनका रहा योगदान-** आरोपी की पता तलाश व गिरफ्तारी करने में निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे, प्रधान आरक्षक नरोत्तम लटिया, प्रधान आरक्षक प्रीतम लाटिया, आरक्षको का योगदान रहा।

### मोहपुर में छात्र- छात्राओं...

के अधिष्ठाता डा. एनके रस्तोगी ने छात्रों व किसानों को आपसी तालमेल के साथ अपने ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान कर कृषि की बारीकियों को सीखने के लिए प्रेरित किया तथा किसानों के अनुभव का भरपूर लाभ लेने के लिए छात्रों को अव्हान किया। विशिष्ट अतिथि उपसरंच गिरधर मंडावी ने गांव में की जाने वाली परंपरागत खेती के बारे में में बताया एवं खरीफ और रबी की खेती के प्रासंगिक तकनीक की जानकारी दिया। साथ ही नई तकनीक से हो रहे लाभ तथा हानि दोनों पहलुओ के अपने अनुभव को छात्रों को बताया। उपसरपंच ने छात्रों व किसानों को खेती की पद्धति तथा पौध संरक्षण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रायोगिक खेती पर प्रकाश डाला एवं उनके लाभ बताए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके नेताम ने रावे रेडी कार्यक्रम को नए तकनीक से कैसे जोड़ा जाए उसकी जानकारी दिया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम का संचालन छात्रा आर्या चौहान और प्रहलाद प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पीएस मरकाम, अनिल कुमार नेताम, डॉ. अनिल दिव्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### व्रती महिलाओं ने...

से माता षष्ठी आई। राजा ने उनसे प्रार्थना की और तब देवी षष्ठी ने उनसे अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं ब्रह्मा के मानस पुत्री षष्ठी देवी हूं। इस विश्व के सभी बालकों की रक्षा करती हूं और जो लोग निःसंतान हैं, उन्हें संतान सुख प्रदान करती हूँ। इसके बाद देवी ने राजा के मृत शिशु को आशीष देते हुए उस पर अपना हाथ फेरा, जिससे वह तुरंत जीवित हो गया। यह देखकर राजा बेहद ही प्रसन्न हुए और उन्होंने देवी षष्ठी की आराधना प्रारंभ कर दिया। कहा जाता है कि इसके बाद ही छठी माता की पूजा का विधान शुरू हुआ। कथा के उपरांत व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।

### कलार समाज भवन...

फरस राम, सावजी, विशेष, बीरसिंह, अश्मीर जैन, पिंकी जैन, कोता जैन, यशोदा जैन शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### डोकला में 10 से रात्रिकालीन दो दिवसीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम डोकला में ग्रामवासियों के सहयोग और दबंग डोकला कबड्डी समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय 10 और 11 नवंबर को रात्रिकालीन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कारों में प्रथम स्थान पर 12000, द्वितीय स्थान पर 9000, तृतीय स्थान पर 6000 और चतुर्थ स्थान पर 3000 रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है। साथ ही बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट ऑलराउंडर और अनुशासित टीम के लिए विशेष नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। समिति का कहना है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण कबड्डी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनका मनोबल ऊंचा होगा।

### वार्षिक साधारण सभा की बैठक के लिए पहचान पत्र अनिवार्य

**कांकेर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा के आदेशानुसार जिला कांकेर में प्रबंध समिति के गठन के लिए जिले में पंजीकृत संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को नियमानुसार सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया गया है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी नीलेश क्षीरसागर के आदेशानुसार साधारण सभा की बैठक में जिला प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में पहचान पत्र की अनिवार्यता होगी। सदस्य पहचान पत्र के रूप में रेडक्रॉस सदस्यता रसीद की मूल प्रति अथवा आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। पंजीयन प्रवेश पश्चात गठन की कार्यवाही की जाएगी।

### परिजन के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर अशोकर मार्बल ने ग्राम व्यासकोंगेरा निवासी सतीश की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर उनकी माता सगोनबाई को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है।

### मरकाटोला में 10 को राजेश्वर सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन जंयती मनेगी

**धनेलीकन्हार।** धनेलीकन्हार के ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद में 10 नवंबर को भगवान राज राजेश्वर सहस्त्र बाहु एवं माता बहादुर कलारिन जंयती मनाई जाएगी। डड़सेना कलार समाज मरकाटोला द्वारा आयोजित जंयती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता बस्तर संभाग के पुर्व अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन रहेगें। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ लोक कला मंच कारी बदरिया मोखा गुरुर की कारी बदरिया का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता समाज के ग्राम प्रमुख मणी कुमार सिन्हा, विशेष अतिथि पुरुषोत्तम गजेन्द्र, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा जिला महामंत्री बृजेश चौहान, जिला मंत्री अनुप सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, महामंत्री लोकेश्वर सेन रहेंगे।

# धान खरीदी के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एपीसी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत आगामी सोमवार 14 नवम्बर से प्रदेश सहित बस्तर संभाग एवं जिले के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इसकी आवश्यक प्रशासनिक एवं विभागीय तैयारियों को लेकर खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह एवं सभी कलेक्टरों व खाद्य, विपणन, नागरिक आपूर्ति निगम, कृषि, मंडी, सहकारिता, अपेक्स बैंक के प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में 14 नवम्बर से पूर्व उपार्जन केन्द्रवार आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की मैदानी स्तर पर तैयारियों की समीक्षा एजेण्डावार नये तथा पुराने बारदाना व्यवस्था, किसानों का भुगतान, किसान पंजीयन की स्थिति, धान खरीदी का आंकलन, धान, चांवल रिसाइकलिंग रोकने हेतु प्रयास तथा संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की पहचान, विशेष जांच दल का गठन, चेक पोस्ट, त्रुटिपूर्ण रकबा एन्ट्री सहित ट्रायल रन, मिल पंजीयन, मिलिंग प्लान, गोदामों की उपलब्धता, रैकमूव्हमेंट, संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था और खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में चावल उपार्जन की स्थिति, समिति मिलान की स्थिति पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए।

### तैयारियों की जानकारी लेकर दिए निर्देश




#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव खाद्य शिकरवार, संयुक्त सचिव खाद्य राजीव जायसवाल, महाप्रबंधक अपैक्स, भारतीय खाद्य निगम के सहायक प्रबंधक, कृषि उपज मण्डी समिति बोर्ड के महाप्रबंधक सहित बस्तर संभाग के सभी जिले के कलेक्टर, जिला खाद्य अधिकारी, डीएमओ, जिला विपणन अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन : सात दिवसीय विशेष शिविर में पहुंचे कुलपति

# विद्यार्थियों को मन एकाग्र करने के बताए गुर न्यायपालिका, कार्यपालिका की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय नरहरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन थानाबोड़ी में स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर शुभारंभ किया गया, जिसका समापन 11 नवंबर को होगा।

■ रासेयो नरहरपुर कालेज का स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर शिविर

थानाबोड़ी में आयोजित शिविर के तीसरे दिवस 7 नवंबर को बौद्धिक चर्चा सत्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा शिविरार्थियों को आशीर्वाद के लिए पढ़ाई के प्रति सजग रहने एवं मन को एकाग्र करने के गुर सिखाए गए तथा शिविरार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। वरिष्ठ न्यायधीश भास्कर मिश्रा द्वारा शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लाभ बताए गए। साथ ही संविधान, न्यायपालिका एवं कार्यपालिका की जानकारी भी दिया। शिविरार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया गया। नरहरपुर थाना प्रभारी सुरेश राठौर के द्वारा साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी गई एवं उनसे बचने के उपाय भी बताए गए।

विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डां. अभिषेक मिश्रा, जिला संगठन डॉ. अभिषेक मिला द्वारा शिविर के नियमों का पालन करते हुए एनएसएस को अपने जीवन में अपनाने की बात कही गई। पीएमजीएसवाय के अनुविभागीय अधकिारी अंजू रावटे द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। उद्यान अधीक्षक कन्हनपुरी मेघचन्द देवांगन के द्वारा जैविक खेती एवं उद्यानिकी के विषय में जानकारी दी गई। प्रतिदिन शिविर में विभिन्न विभागों का आगमन हो रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी अभिषेक आनंद, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री बिसेन, वाटर एड इंडिया के जिला समन्वयक अजहर कुरैशी ने संबंधित विभागों की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।




#### कर रहे साफ-सफाई

प्रतिदिन शिविर में ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मण शुक्ला प्राचार्य के निर्देशन में विद्यालय परिसर की सफाई, हनुमान मंदिर एवं पंचायत भवन के आसपास सफाई ,पुल तक सड़क की सफाई, स्कूलपारा में स्कूल, मंदिर एवं तालाब की सफाई, शीतलापारा में सामुदायिक भवन, रंगमंच एवं सड़क की सफाई आदि कार्य किए जा रहे हैं।

#### ये दे रहे योगदान

शिविर के सफल संचालन में मुख्य दलनायक शिवानी यादव, देवेन्द्र साहू, भानेन्द्र साहू , अनुशासन प्रभारी विवेक निर्मलकर, कल्पना नेताम, अभिषेक सिन्हा, प्रतीक्षा मरकाम, पदमनी साहू, आसु सलाम, सुप्रिया साहू आदि स्वयं सेवक योगदान दे रहे हैं ।

# छठ महापर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का किया पारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

शुक्रवार को छठ महापर्व के चौथे दिन 8 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। क्षेत्र में लोगों ने 5 नवंबर से शुरू हुआ छठ महापर्व को पूरे परिवार सहित बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

महिलाएं अपने संतान के साथ पूरे परिवार की खुशहाली के लिए कठिन व्रत रखती है पहले दिन महिलाओं ने नहाए खाए परंपरा का निर्वहन किया नहाए खाए में महिलाएं बिना लहसुन प्याज का सात्विक भोजन किया। 6 नवंबर को महिलाओं करना उपवास किया सुबह से ही निर्जला उपवास किया रात को महिलाएं खीर व रोटी का सेवन करके तीसरे दिन 7 नवंबर को महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखा। शाम को परिजन टोकनी में विभिन्न फल व पूजन सामग्री लेकर तालाब तट में पहुंची तथा ढलते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन के बाद भी निर्जला व्रत जारी रखा। 8 नवंबर को महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले तालाब के घाट में पहुंचे और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर उपवास तोड़ा। ग्राम साल्हेटोला दुधावा में दामोदर गुप्ता, धीरज गुप्ता और नीरज गुप्ता के सभी परिवार सहित ओडिशा और बिहार से आए पूरे परिवार ने मिलकर महिलाओं ने उपवास रखकर तलाब के तट पर पहुंचे। छठ माता के साथ भगवान सूर्य की उपासना की सभी तलाब में महिलाओं ने सामूहिक पुजन की छठ पूजा पूरे विधि विधान हिंदू धर्म के नियमों से किया भगवान सूर्य देव को आराधना डूबता सूरज और उगता सूरज को अरग देकर पूरे विधि विधान से पूरे जोर से मिलकर चार दिनों तक मनाया। सालेटोला निवासी घर के मुखिया दामोदर गुप्ता ने बताया कि हर साल छठ पूजा पर पूरे परिवार के साथ मिलकर उपवास रख कर बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इस छठ पूजा महापर्व पर जब से होश संभाला, तब से बड़ी आस्था है।

# मुसुरपुट्टा में धूमधाम से मनी सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

विकासखण्ड सरोना के ग्राम मुसुरपुट्टा में राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सरोना ब्लाक कलार समाज के ईष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम कलार समाज के युवती व महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश ग्राम भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। कार्यक्रम के अंत में महाआरती हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ इष्ट देव के छाया चित्र कि पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल मे दीप धूप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन और माता बहादुर कलारिन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। कलार समाज आर्थिक समाजिक और राजनीतिक दृष्टि से मजबूत हैं। समाज के पदाधिकारियों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन और माता बहादुर कलारिन की इतिहास बताए कि हिन्दू धर्म मे विष्णु के मानस प्रपुत्र तथा सुदर्शन के अवतार और धन और खोए हुए कीर्ति बल के देवता है। पुराणों के अनुसार उन्होंने सात महादीपों एवं ब्रम्हांड पर विजय प्राप्त कर धर्म पूर्वक 85 हजार वर्षों तक शासन किया। त्रेतायुग में रावण से भी एक शक्तिशाली राजा था, जिसका नाम था सहस्त्रबाहु, उसकी राजधानी महिष्मति नगरी थी जो नर्मदा नदी के तट बर बसी थी। समाज के मेघावी छात्र छात्राओं को अतिथियों के हाथों से सम्मान किया गया। कलश सजाओ प्रतियोगिता एवं बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।




कार्यक्रम का अध्यक्षता कर ब्लाक कलार समाज के अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजुलता नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा नेताम, संभागीय उपाध्यक्ष जुगानी कलार कमल किशोर कश्यप, कार्यकारिणी अध्यक्ष रायपुर छत्तीसगढ़ दयाराम जैन, जिला अध्यक्ष कलार समाज जिला कांकेर सत्ते जैन, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कांकेर राजकुमार कश्यप, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जुगानी कलार श्रवण बेसरा, जनपद सदस्य सुकचंद नेताम, शशि जैन, सरपंच मुसुरपुट्टा आरती मरकाम, पूर्व जनपद सदस्य भुवन भारती, लतेल यादव, मुनिराम साहू, दिलीप अरकरा, राजेश कलिहारी, सरोना टेकेश्वर सिन्हा, लखन साहू, चन्द्रभान मंडावी, पवन नेताम, सुरेखा उइके, फुलबासन जैन, कार्तिक पांडे, महेश चंद्रवंशी, राजेन्द्र सोमवंशी, सरस्वती सोमवंशी, पार्वती व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मारपीट करने से युवक को आईं चोटें, जुर्म दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के बांधा तालाब में माँ के साथ छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल होने गए युवक के साथ कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट किया। मारपीट से युवक को चोटें आईं हैं। माँ द्वारा बीच-बचाव किया गया, तब झगड़ा शांत हुआ। युवक की मां ने भानुप्रतापपुर थाना में जान से मारने की धमकी देने और मारपीट की शिकायत करने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे अटल आवास कराठी निवासी 38 वर्षीय विमलेश देवी पति राजेश पाण्डे ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर को शाम लगभग साढ़े 6 बजें छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भानुप्रतापपुर सलिहापारा राजा बांधा तालाब में सामाजिक लोगों के साथ गया हुआ था। छठ पूजा कार्यक्रम में मेरा बेटा 17 वर्षीय प्रियम पाण्डे भी मेरे साथ गया था। पूजा पाठ कार्यक्रम में व्यस्त थी। उसी समय मेरा बेटा प्रियम पांडे को शंकरनगर निवासी अमरीश पाण्डे, मार्कण्डेय पाण्डे, कन्हैया और गौरव ने पुरानी लड़ाई झगड़ा की बात को लेकर गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे। मारपीट को देख वह बीच बचाव करने गई थी, तब लड़ाई झगड़ा शांत हुआ है। आरोपी अमरीश पाण्डे, मार्कण्डेय पाण्डे, कन्हैया, गौरव के द्वारा मेरे लड़के को मारपीट करने से सिर में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश कुमार वैष्णव उम्र 37 वर्ष पति श्री रामभाऊ वैष्णव निवासी ग्राम रतेसरा तह. चारामा जिला उ.ब. कांकेर ने अपने हक एवं स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि ग्राम रतेसरा तह. चारामा जिला कांकेर (छ.ग.) में स्थित खसरा न. 111/1 रकबा क्रमशः 0.2060 हे. उक्त सम्पत्ति को चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड जिसका कार्यालय तिवारी बाडा रत्नाबाधा चौक धमतरी तह. व जिला धमतरी में स्थित है, में बंधक रखकर ऋण लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका विक्रय विलेख ग्रन्थ क्रंमाक 4613 में पृष्ट 153 से 172 पर विलेख क्रंमाक में 858 उपपंजीयक कार्यालय कांकेर दिनांकित 14. 08.2023 को पंजीकृत है। जो उसे दान द्वारा प्राप्त हुई। उक्त सम्पत्ति का पूर्व का विक्रय विलेख कि मूल प्रति जिसमें विक्रेता श्रीमति दशमी पति बिसाहू निवासी ग्राम रतेसरा तह. चारामा जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) तथा क्रेता श्रीमति परमिला बाई पति रामभाउ निवासी ग्राम रतेसरा तह. चारामा जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) जिसका ग्रन्थ क्रंमाक 715 में पृष्ट 58 से 60 पर विलेख क्रंमाक में 483 उपपंजीयक कार्यालय कांकेर है कही गुम हो गया है बहुत खोज बिन के पश्चात भी नहीं मिल रहा है अतः किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, शासन प्रशासन एवं अन्य को उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख दिनांक 22.08.1985 जिसका विवरण उपरोक्तानुसार है के संबंध में या उपरोक्त सम्पत्ति के हक स्वामित्व एवं कब्जे के संबंध में कोई दावा आपत्ति उजर हो तो वह मेरे समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के सात (07) दिनों के अंदर मेरे निचे वर्णित पते पर प्रस्तुत करे निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति शून्य एवं नाजायज मानी जाकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार बंधक निष्पादन कर ऋण का वितरण करने को स्वतंत्र हो जावेगा सो सूचना जाने।
दिनांक 08/11/2024

सौरभ मिश्रा
अधिवक्ता
कार्यालय ईतवारी बाजार धमतरी
मो.नं.-9285346788, 6266727945







# तारसगांव जनसमस्या निवारण शिविर में 94 आवेदन निराकृत

**दुर्गुकोंदल।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 121 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 94 का शिविर स्थल में ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

शिविर में सर्वाधिक 50 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को 18, राजस्व विभाग को 14, क्रेडा को 07, आधार पंजीयन संबंधी 05, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं समाज कल्याण विभाग को 04-04 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 54 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की। शिविर में एसडीएम चारामा नरेन्द्र कुमार बंजारा, ग्राम पंचायत तारसगांव के सरपंच सहित आसपास के ग्रामों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

